## दिनांक 16.02.2023 को आयोजित जल जीवन मिशन के समीक्षा बैठक की कार्यवत्ति :–

दिनांक 16.02.2023 को सायं 7.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास अधिकारी वाराणसी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी, श्री शमशेर आलम परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 व अन्य प्रतिनिधि, श्री अमित श्रीवास्तव उप परियोजना प्रबन्धक मेधज, श्री शत्रुघ्न कुमार व श्री अमित कुमार सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि 03 ग्राम पंचायतें चॉदपुर, लखनपुर तथा आदमपुर में परियोजना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है तथा ग्राम पंचायत रामनगर विकास खण्ड पिण्डरा में भूमि मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने के कारण कुल 04 ग्राम पंचायतों में भुमि का चिन्हांकन कराया जाना है। उक्त के सम्बन्ध में यह भी बताया गया कि जिसमें ग्राम पंचायत लखनपुर के बगल में भूल्लनपुर में भूमि उपलब्ध है तथा चॉदपुर इण्डस्ट्रियल ऐरिया होने के फलस्वरूप अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) प्राप्त किये जाने के उपरान्त भूमि उपलब्ध हो जायेगी। आदमपुर में भूमि की उपलब्धता के सम्बन्ध में लेखपाल द्वारा आश्वस्त किया गया कि 2–4 दिनों में भूमि उपलब्ध कराये जाने का प्रयास किया जायेगा। इस प्रकार ग्राम पंचायत आदमपुर एवं रामनगर भूमि उपलब्धता हेतु अवशेष बचेगा। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से सम्पक/समन्वय स्थापित कर अवशेष ग्राम पंचायतों में भूमि की उपलब्धता यथाशीघ्र सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) एवं जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0।**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा बताया गया कि वर्तमान में 16 परियोजनाओं से रेगूलर जलापूर्ति कराई जा रही है तथा 04 परियोजनाओं में सोलर के स्थान पर DG सेट लगाया गया है शेष सभी सोलर पैनेल से चल रह हैं। अधिषासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 04 परियोजनाओं में सोलर नहीं लगाये जाने के फलस्वरूप इलेक्ट्रिक हेतु संशोधित स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति की कार्यवाही कराई जायेगी। यह भी बताया गया कि 16 परियोजनाओं में से 14 परियोजनाओं में ओवर हेड टंकी के माध्यम से तथा 02 परियोजनाओं में डायरेक्ट जलापूर्ति कराई जा रही है तथा सभी 16 परियोजनाओं में समस्त हाउसहोल्डरों को कनेक्शन दिया गया है। परियोजनाआ प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 से पूछे जाने पर बताया गया कि अभी जलापूर्ति में क्लोरिनिकेशन नहीं कराया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम तथा परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक परियोजनाओं को पूर्ण कराकर सोलर पैनेल अधिष्ठापित कराकर जलापूर्ति सुनिश्चित करायें तथा जिन परियोजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है उसमें क्लोरिनिकेशन भी करायें।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम को यह भी निर्देशित किया गया कि वर्तमान में रेगूलर जलापूर्ति कराये जा रहे परियोजनाओं की सूची तथा सम्बन्धित विवरण जिला विकास अधिकारी,वाराणसी को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सूची प्राप्त हो जाने के उपरान्त जिला विकास अधिकारी अपने स्तर से उसका सत्यापन कराकर अद्यतन स्थिति से अवगत करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्र0 एल0एण्ड टी0**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर 5–5 प्रशिक्षित महिलाओं की गठित टीम द्वारा जल के गुणवत्ता की जॉच कराई जा रही है तथा अभी तक लगभग 5000 से अधिक पेयजल की जॉच कराई जा चुकी है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जिन 16 परियोजनाओं से रेगूलर जलापूर्ति कराई जा रही है उसके जल की गुणवत्ता के साथ–साथ अन्य पेयजल के गुणवत्ता की जॉच निरन्तर करायें तथा कमियॉ पाये जाने के उपरान्त उसके निराकरण के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)**

जनपद में तैनात आई0एस0ए0 के सदस्यों द्वारा ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को जागरूक किय जाने के सम्बन्ध में भिन्न–भिन्न प्रकार की गतिविधियॉ कियान्वित की जा रही है। उक्त सम्बन्ध में जिला विकास अधिकारी,वाराणसी को निर्देशित किया गया कि आई0एस0ए0 सदस्यों की पृथक से बैठक कर उनके द्वारा सम्पादित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करें तथा उनके द्वारा समपादित कराई गई गतिविधियों के रिपोर्ट का सत्यापन कराकर स्थिति से अवगत करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी/ जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0।**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम से पूछे जाने पर बताया गया कि 29 परियोजनाआ के विद्युत पोल शिफ्टिंग हेतु अधिशी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड से स्टीमेट मॉगे गये ह जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 03 परियोजनाओं का स्टीमेट ही उपलब्ध कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता से सम्पर्क कर अवशेष सभी स्टीमेट प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्र0 एल0एण्ड टी0**

एल0एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है। बार–बार निर्देश दिये जाने के बावजूद भी मजदूरों की संख्या नहीं बढ़ाई जा रही है और न ही पर्याप्त संख्या में मशीनें लगाई जा रही है। परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0 से पूछे जाने पर उनके द्वारा बताया गया कि पिछले सप्ताह कार्यरत 1300 मजदूरों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। वर्तमान में कुल 260 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है एवं अगले सप्ताह 20–25 परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। 217 परियोजनाओं के नलकूप निर्माण का कार्य प्रारम्भ है जिसके सापेक्ष अभी तक 125 नलकूप का पूर्ण करा लिया गया है तथा 50 मोटर पम्प अधिष्ठापित करा दिया गया है जिसमें 16 कियाशील हैं। जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि मजदूरों की कमी के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है तथा परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराया जाना सम्भव नहीं हे सकेगा। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सभी परियोजनाओं पर मजदूरों एवं आवश्यकतानुसार मशीनों की संख्या बढ़ाकर तीव्रगति से कार्य कराते हुए दिनांक 31 मार्च 2023 तक 301 परियोजनाओं को पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करायें। निरन्तर निर्देश दिये जाने के बावजूद भी मजदूरों एवं मशीनों की संख्या नहीं बढ़ाये जाने के फलस्वरूप यदि समयान्तर्गत कार्यों को पूर्ण नहीं कराया जाता है तो विपरीत स्थिति/ परिस्थिति की सम्पूर्ण जिम्मेदारी एल0एण्ड टी0 संस्था की होगी।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

श्री अमित श्रीवास्तव, उप परियोजना प्रबन्धक मेधज (टी.पी.आइ.) द्वारा बताया गया कि माह जनवरी,2023 तक के 538 निरीक्षण में विभिन्न कार्यों से सम्बन्धित कुल 173 कमियॉ पाई गई जिसके निराकरण हेतु एल0एण्ड टी0 को प्रेषित किया गया है, जिसमें कुल 106 कमियों का निराकरण एल0एण्ड टी0 द्वारा कराया गया है, पिछले सप्ताह की समीक्षा बैठक में भी 106 कमियॉ निराकृत बताया गया था। उक्त से स्पष्ट है कि वर्तमान सप्ताह में अवशेष 67 कमियों में किसी का निराकरण नहीं कराया गया है। यह स्थिति अत्यन्त ही खेदजनक है। टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 द्वारा पूर्व में किये गये निरीक्षण के अन्तर्गत कुल प्रेषित कमियों के सापेक्ष कितनी कमियों का निराकरण कराया गया है, के सम्बन्ध में भी स्थिति स्पष्ट नहीं की जा सकी। टी.पी.आइ. तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 द्वारा बताया गया कि प्रेषित कमियों के सापेक्ष कमियों की निराकरण आख्या एल0एण्ड टी0 द्वारा लिखितरूप में उपलब्ध नहीं करायी जाती है जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता है कि किन–किन कमियों का निराकरण किया गया है तथा निराकरण हेतु अवशेष कौन है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि टी.पी.आइ. तथा डी0पी0एम0यू0 द्वारा किये गये निरीक्षण में अब तक पाई गई कमियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करायें तथा निराकृत कमियों का विवरण लिखितरूप से सम्बन्धित को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही – परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0/टी.पी.आइ./डी0पी0एम0यू0।**

एल0एण्ड टी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़े गये सड़क/सी0सी0रोड/खड़ंजा के मरम्मत कराये जाने हेतु एल0एण्ड टी0 एवं अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को सूची प्रेषित की गई है परन्तु उसके मरम्मत की अनुपालन आख्या सम्बन्धित द्वारा प्रेषित नहीं की गई. है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि किसके मरम्मत का कार्य करा दिया गया है तथा मरम्मत हेतु कौन अवशेष है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) तथा परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि तोड़े गये सड़कों के मरम्मत का कार्य मानक के अनुरूप कराकर अनुपालन की सिंिति से अवगत कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/परि0प्र0 एल0एण्ड टी0**

समीक्षा बैठक में यह तथ्य प्रकाश में आया कि लाभार्थियों से आधार कार्ड प्राप्त कर उन्हें टैब कनेक्शन दिये जाने की प्रगति काफी धीमी है, जिसे तीव्रगति से पूर्ण कराये जाने की आवश्यकता है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) तथा डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि जनपद के विकास खण्डों में तैनात आई0एस0ए0 के सदस्यों के माध्यम से आमजन को प्रेरित कराकर कनेक्शनधारकों की संख्या लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण करायें।

**कार्यवाही – अधि0अभि0,जल निगम(ग्रामीण)/जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कुल चयनित 590 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 569 का प्राक्कलन तैयार किया गया है, जिसमें जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से 541 प्राक्कलन स्वीकृत है तथा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से 456 प्राक्कलन स्वीकृत है। अवशेष 21 ग्राम पंचायतों का प्राक्कलन तैयार किया जाना शेष है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित से अवशेष प्राक्कलन प्राप्त कर स्वीकृति की कार्यवाही शीघ्र कराना सुनिश्चित करायें।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि रेट्रोफीटिंग (पुर्नगठन) का कार्य एल0एण्ड टी0 द्वारा अभी तक प्रारम्भ नहीं कराया गया है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में पेयजल की

समस्या है। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि रेट्रोफीटिंग (पुर्नगठन) का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराकर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें जिससे कि पेयजल सम्बन्धी समस्या का निराकरण हो सके।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)/परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 58 पुरानी परियोजनाये जल निगम (ग्रामीण) के अनुरक्षणाधीन संचालित है जिसमें 37 में पुर्नगठन का कार्य कराया जाना है तथा शेष 21 संचालित है, जिससे जलापूर्ति कराई जा रही है तथा 42 परियोजनायें ग्राम पंचायतों को हस्तगत कराया गया है जो ग्राम पंचायतों के अधीन है। जिला विकास अधिकारी,वाराणसी को निर्देशित किया गया कि जल निगम कार्यालय से 21 जल निगम के अनुरक्षणाधीन तथा 42 ग्राम पंचायतों के अधीन परियोजनाओं की सूची प्राप्त कर उसका सत्यापन कराकर स्थिति से अवगत करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)**

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 द्वारा बैठक में अनुरोध किया गया कि आगामी 6 माह में जिन ग्राम पंचायतों में सड़क बनवाया जाना है, उसे स्थगित करा दिया जाय, जिससे कि पाइप लाइन बिछाये जाने में कोई असुविधा न हो तथा बनवाये गये सड़क को क्षतिग्रस्त न किया जाय। जिला विकास अधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उक्त आशय का पत्र निर्गत कराकर अनुपालन सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – जिला विकास अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)/समस्त ख0वि0अ0**

जनपद के 16 सांसद आदर्श ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य कराये जाने हेतु चयन किया गया है, जिसमें 09 ग्रामों में कार्य पूर्ण कराया गया है तथा ग्राम पंचायत परमपुर, पूरेबरियार, अनन्तपुर एवं बखरिया में कार्य प्रगति पर है। ग्राम पंचायत कपरफोरवॉ, ढ़ोलापुर एवं देल्हना में अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया जिन परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है उसे यथाशीघ्र पूर्ण करायें तथा ग्राम पंचायत कपरफोरवॉ, ढ़ोलापुर एवं देल्हना में तत्काल कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करायें।

**कार्यवाही – अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)/परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0**

अतः सम्बन्धित को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(हिमांशु नागपाल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी–वाराणसी।

पत्रांक– 4484 /ज0जी0मि0/बैठक कार्य0/2022–23 दिनांक– 20 फरवरी,2023

प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 – जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 – जिला विकास अधिकारी,वाराणसी।
3 – अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड,उ0प्र0 जल निगम,वाराणसी।
4 – समस्त खण्ड विकास अधिकारी,वाराणसी।
5 – परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, वाराणसी।
6 – परियोजना प्रबन्धक, मेधज,वाराणसी।
7 – जिला समन्वयक अधिकारी डी0पी0एम0–वाराणसी।
8 – समस्त आई0एस0ए0 टीम लीडर द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण)वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।